<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>पंतनगर किसान मेला में होंगे किसानों हेतु विशेष आकर्षण</u>

पंतनगर। 3 मार्च 2025। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में 117वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 7 से 10 मार्च 2025 के मध्य किया जा रहा है, जिसमें किसानों हेतु विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं होंगी। गांधी पार्क में लगाये जाने वाले इस चार–दिवसीय मेले में चारों दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि मेले के प्रमुख आकर्षणों में 7–8 मार्च 2025 को फल–फूल, शाक–भाजी एवं परिरक्षित पदार्थों की प्रदर्शनी व प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसी दिन अपरान्ह् 2:00 बजे शैक्षणिक डेयरी फार्म, नगला पर संकर बछियों की नीलामी तथा 8 मार्च 2025 को मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता अपराह्न 3:00 बजे आयोजित की जायेगी। 7–9 मार्च 2025 कृषक वैज्ञानिक संवाद/कृषक गोष्ठी अपराह्न 3:00 बजे आयोजित की जायेगी। 9 मार्च को पूर्वाह्न 10:00 बजे से पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के परिसर में पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। मेले के अंतिम दिन 10 मार्च 2025 को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह गांधी हाल में अपराह्न 3:00 बजे से आयोजन किया जायेगा, जिसमें मेले में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों एवं मेले में लगे स्टालों को उनके प्रदर्शन हेतु मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। किसान मेले के लिए फर्मों द्वारा पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। डा. क्वात्रा ने बताया कि किसान मेले को स्वच्छ बनाने एवं पॉलीथीन मुक्त रखने में सहयोग करें।

निदेशक संचार